NT>

Title: Need to set up hydel power project on Penganga river in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली में सहस्त्र कुंड ताल्लुका किनवट में पेनगंगा नदी है जिसमें 8 से 9 महीनों तक बहुत पानी रहता है और यहां पर हाईडल पावर परियोजना को स्थापित करने हेतु एक सर्वे भी हुआ था परन्तु सर्वे का क्या हुआ, इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है जबकि यहां पर पानी पर आधारित पावर परियोजना बनाया जा सकता है। महाराट्र को आने वाले समय में बिजली की भीाण समस्या का सामना करना पड़ सकता है। राज्य में बिजली की किल्लत शुरू हो गई है। इस पावर परियोजना को इस क्षेत्र में क्रियान्वित किया जाना अति आवश्यक है। इससे आने वाले समय में किसानों को सिंचाई सुविधा के साथ-साथ इस क्षेत्र के विकास में काफी सुविधा मिलेगी। इस समय महाराट्र में बिजली की आपूर्ति मांग के हिसाब से कम हो रही है। इस परियोजना के माध्यम से महाराट्र को आवश्यकता के हिसाब से बिजली भी मिल सकेगी।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में हाईडल पावर प्रोजैक्ट की स्थापना के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाए।